भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2188
सोमवार, 9 दिसम्बर, 2024/18 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**माता चिंतपूर्णी मंदिर के विस्तार के लिए निधि**

**2188. डॉ. राजीव भारद्वाजः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत माता चिंतपूर्णी मंदिर के विस्तार के पहले चरण में स्वीकृत निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) पहले चरण के अंतर्गत विस्तार के लिए विकसित किए जाने वाले संभावित क्षेत्र का ब्यौरा क्या है;

(ग) माता चिंतपूर्णी मंदिर विकास कार्य की अनुमानित लागत का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या उक्त मंदिर के विस्तार के लिए वास्तुशिल्प कंपनी की पहचान की गई है और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) नामक योजना के तहत राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को महत्वपूर्ण तीर्थ और विरासत स्थलों पर अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

हिमाचल प्रदेश के उना जिले में 'मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर में तीर्थ संबंधी अवसंरचना विकास' नामक परियोजना को प्रशाद योजना के तहत विकास के लिए चिह्नित किया गया है।

अभी तक राज्य सरकार ने परियोजना के लिए अंतिम विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है।

*******